प्रेस विज्ञप्ति

MAX Healthcare

मैक्स हॉस्पिटल, देहरादून ने हरिद्वार में कोविड-19 टीकाकरण अभियान शुरू किया

~ यह सुविधा हरिद्वार में जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र में स्थापित की गई है और इसका उद्घाटन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक श्री मदन कौशिक ने किया। ~

हरिद्वार, 11 जून, 2021 : कोविड-19 महामारी के खिलाफ लड़ाई में योगदान देने और अधिक से अधिक लोगों को टीकाकरण के अपने मिशन को प्राप्त करने की दिशा में एक और कदम उठाते हुए, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, देहरादून ने आज हरिद्वार में अपना कोविड -19 टीकाकरण अभियान शुरू किया। यह केंद्र जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र में स्थापित किया गया है और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक मदन कौशिक ने इसका उद्घाटन किया। आयोजन स्थल को सुरक्षित रखने और टीकाकरण के लिए यहां आने वाले लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यहां सभी सावधानी बरत जा रही है।

इस केंद्र को शुरू करने की आवश्यकता पर बात करते हुए, उपाध्यक्ष (ऑपरेशन्स) और यूनिट हेड डॉ संदीप सिंह तंवर ने कहा, "कोविड-19 की दूसरी लहर ने देश को अपनी गिरफ्त में ले लिया है और हम इसके खिलाफ ठोस और सुनियोजित तरीके से लड़ रहे हैं। हम सभी को एक साथ आने की जरूरत है ताकि हम महामारी को पीछे छोड़ सकें और इस कठिन समय में हम सब मिलकर जो सबसे अच्छा योगदान दे सकते हैं, वह है सभी को जल्द से जल्द टीकाकरण कराना। इस अभियान के साथ, (और आने वाले समय में) हम टीकाकरण में अपना सर्वश्रेष्ठ करने की योजना बना रहे हैं ताकि हम लोगों को तेजी से प्रतिरक्षित कर सकें। हमारा लक्ष्य पूरे अभियान के दौरान प्रतिदिन 500 से अधिक लोगों को टीकाकरण करना है जो एक महीने तक चलेगा। हम लोगों से जबरदस्त प्रतिक्रिया प्राप्त करने की उम्मीद कर रहे हैं ताकि हम अपने देश को कोविड मुक्त बनाने के अपने उद्देश्य को प्राप्त कर सकें।"

इस सुविधा का लाभ उठाने के इच्छुक लोगों को कोविन पोर्टल www.cowingov.in पर अपॉइंटमेंट लेने की आवश्यकता होगी। केंद्र सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार 780 रुपये प्रति डोज की कीमत पर कोविशील्ड वैक्सीन का प्रबंध करेगा और भारत सरकार द्वारा निर्धारित सभी कोविड प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करेगा। टीके केवल प्रोफेशनल चिकित्सा कर्मचारियों द्वारा लगाए जाएंगे।

सभी को वैक्सीन लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए, **डॉ तंवर** ने कहा, "टीकाकरण ही एकमात्र तरीका है जिसके माध्यम से हम कोविड के खिलाफ इस लड़ाई को जीत सकते हैं। आइए हम सब एक साथ आएं, टीका लगवाएं और कोविड मुक्त भारत का हिस्सा बनें।"

200 से अधिक बेड वाला मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, देहरादून गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में हमेशा सबसे आगे रहा है। 63 आईसीयू बेड, 67 क्रिटिकल केयर बेड और 24 एचडीयू बेड से लैस, यह 25 विशेषज्ञ क्षेत्रों में एकीकृत चिकित्सा सेवाएं प्रदान करता है। रोगी की चुनौतियों का सामना करने के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे का उपयोग करते हुए, मैक्स हॉस्पिटल देहरादून आज आने वाले प्रत्येक रोगी को अच्छी तरह से और समग्र देखभाल प्रदान करने के लिए जाना जाता है।

Source: Dainik Bhaskar

Link: http://indiamediamonitor.in/ViewImg.aspx?rfW3mQFhdxZsqXnJz-K5Xi8amCW5nY6J7uYnQ+3G7SDzeKTZB7Zpjjp443oaxVF2AVbutNDwsmG8EdTNRWqE4S5XeTbgnR5uvTEvdvQnxsEs=